सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस नोट- दिनांक 14.04.2024

#चोरी करने वाले गैंग का भण्डाफोड़

#इटावा पुलिस द्वारा लखना देवी मन्दिर में लगने वाले मेले में श्रद्धालुओं से कीमती जेवरात एवं अन्य सामग्री को चोरी करने वाले गैंग को किया गया गिरफ्तार ।

गैंग में शामिल कुल 14 महिलाओं को किया गया गिरफ्तार,

कब्जे से चोरी किये गये चैन एवं मंगलसूत्र अनुमानित कीमत (लगभग 09 लाख रूपये) किये गये बरामद।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में **थाना बकेवर पुलिस** द्वारा की गयी कार्यवाही।

घटना का संक्षिप्त विवरणः-

थाना बकेवर क्षेत्र अन्तर्गत लखना में ऐतिहासिक कालिका देवी मंदिर पर मेला लगता है जिसमें सम्पूर्ण प्रदेश से दर्शनार्थी माता रानी के दर्शन करने भारी संख्या में आते हैं इसी क्रम में 13.04.2024 को भी भारी संख्या में दर्शनार्थी माता के दर्शन के लिये आये थे एवं मन्दिर परिसर में भारी मात्रा में भीड़ थी इसी दौरान कुछ महिलाओं ने लगभग 10 -11 महिलाओं की चेन एवं मंगलसूत्र चोरी कर लिये।

जिसके सम्बन्ध में वादी अरूण कुमार पुत्र विजय सिंह निवासी दुर्गा नगर उखर्रा रोड राजपुर चुंगी थाना सदर जनपद आगरा से भी किसी महिला द्वारा उनकी चैन चोरी कर ली जिसके सम्बन्ध में थाना बकेवर पर तत्काल मु0अ0सं0 117/2024 धारा 379 भादवि पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-

थाना बकेवर कालिका देवी मन्दिर पर हो रही चोरी के सम्बन्ध में सक्रिय चोर गिरोह गिरफ्तारी एवं अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम मे दिनांक 14.04.2024 को थाना बकेवर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुये **लखना कालिका देवी मन्दिर पर लगे मेले से अन्तर्जनपदीय चोर गिरोह की सदस्य कुल 14 महिलाओं को समय 17.45 बजे गिरफ्तार किया गया।**

पुलिस पूछताछः-

गिरफ्तार अभियुक्ताओं की पुलिस टीम द्वारा नाम पता पूछते हुये तलाशी ली गयी तो उनके कब्जे से कुल 07 सोने की चैन एवं 04 मंगलसूत्र बरामद किये गये। जिसके सम्बन्ध में पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि हम लोगों ने मिलकर लखना देवी मन्दिर पर दर्शन करने आये दर्शनार्थियों से चोरी किये हैं।

उक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बकेवर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 117/2024 धारा 379 भादवि में धारा 411 भादवि की बढ़ोत्तरी की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्ता-

1. रवीना निवासी धूमनगंज थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज **उम्र 40 वर्ष। (काल्पनिक नाम)**
2. रेश्मा निवासी रेलवे क्रॉसिंग स्टेशन के पास थाना फलपर जनपद प्रयागराज **उम्र 18 वर्ष। (काल्पनिक नाम)**

3. कविता निवासी लोहिया नगर थाना बन्ना देवी जनपद अलीगढ़ **उम्र 40 वर्ष ।(काल्पनिक नाम)**

4. विनीता निवासी लोहिया नगर थाना बन्ना देवी जनपद अलीगढ़ **उम्र 60 वर्ष । (काल्पनिक नाम)**

5. कावित्री निवासी नगला खुशहाली थाना शाहगंज भट्टे के पास जनपद आगरा **उम्र 30 वर्ष । (काल्पनिक नाम)**

6. सावित्री निवासी नगला खुशहाली शाहगंज भट्टे के पास थाना शाहगंज जनपद आगरा **उम्र 23 वर्ष । (काल्पनिक नाम)**

7. सुलेखा निवासी नगला खुशहाली शाहगंज भट्टे के पास थाना शाहगंज जनपद आगरा **उम्र 23 वर्ष ।(काल्पनिक नाम)**

8. स्वाती निवासी नगला खुशहाली शाहगंज भट्टे के पास थाना शाहगंज जनपद आगरा **उम्र 20 वर्ष । (काल्पनिक नाम)**

9 . आकांक्षा निवासी नगला खुशहाली शाहगंज भट्टे के पास थाना शाहगंज जनपद आगरा **उम्र 35 वर्ष ।(काल्पनिक नाम)**

10. मुन्नी निवासी पृथ्वीराज पाठक हल्की सिनेमा के पास थाना शाहगंज आगरा **उम्र 26 वर्ष ।(काल्पनिक नाम)**

11. कनिका निवासी फूलपुर रेलवे क्रॉसिंग स्टेशन के पास थाना फूलपुर जनपद प्रयागराज **उम्र 30 वर्ष ।(काल्पनिक नाम)**

12. हेमलता निवासी फूलपुर रेलवे क्रॉसिंग स्टेशन के पास थाना फूलपुर जनपद प्रयागराज **उम्र 25 वर्ष ।(काल्पनिक नाम)**

13. रोशनी निवासी शेरावाली थाना किशनगढ़ जनपद उन्नाव **उम्र 20 वर्ष ।(काल्पनिक नाम)**

14. मिनाक्षी निवासी ग्राम धरौली जनपद उन्नाव **उम्र 25 वर्ष ।(काल्पनिक नाम)**

पंजीकृत अभियोग:-

1. मु0अ0सं0 117/2024 धारा 379/411 भादवि थाना बकेवर जनपद इटावा।

आपराधिक इतिहास:-

अभियुक्ता मुन्नी(काल्पनिक नाम)

1. मु0अ0सं0 52/2023 धारा 379/411 भादवि थाना गोवर्थन जनपद मथुरा।
2. मु0अ0सं0 117/2024 धारा 379/411 भादवि थाना बकेवर जनपद इटावा।

बरामदगी:-

अनुमानित कीमत:- (लगभग 09 लाख रूपये)

1. **07 चैन सोने की (मेले से चोरी की गयी)**
2. **04 मंगलसूत्र (मेले से चोरी की गयी)**

पुलिस टीम:- निरी0 श्री राकेश कुमार शर्मा प्रभारी निरीक्षक थाना बकेवर, उ0नि0 ललित कुमार, उ0नि0 इन्द्रेश कुमार, उ0नि0 विनय कुमार द्विवेदी, हे0का0 विजय दीक्षित, का0 परवेन्द्र, का0 रवि गुप्ता, का0 सोनू, का0 राघवेन्द्र, म0का0 संगम यादव, म0का0 निर्मल शर्मा, म0का0 अकांक्षा तिवारी।

नोट- * उक्त सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम के उत्साह वर्धन हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा 20,000-/ रुपये की धनराशि से पुरूस्कृत किया गया।*